www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | iON Digital Zone iDZ 1 Sector 62 |
| Test Date | 10/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** जनशक्ति में कमी हाने के कारण, एक कारखाने में उत्पादन 10% कम हो जाता है। मूल उत्पादन को बहाल करने के लिए कार्य समय में कितने प्रतिशत की वृद्धि की जानी चाहिए?

Ans
✔ 1. $11\frac{1}{9}\%$
✘ 2. $8\frac{1}{3}\%$
✘ 3. $16\frac{2}{3}\%$
✘ 4. $10\%$

**Q.2** शासन की स्थिरता के संदर्भ में, संसदीय प्रणाली की सबसे बड़ी कमी क्या है?

Ans
✘ 1. न्यायपालिका प्रायः कार्यपालिका के निर्णयों को नकार देती है।
✘ 2. चुनाव प्रत्येक दशक में केवल एक बार होते हैं।
✘ 3. राष्ट्रपति किसी भी समय प्रधानमंत्री को बर्खास्त कर सकते हैं।
✔ 4. अविश्वास प्रस्ताव या गठबंधन विवादों के कारण सरकारें गिर सकती हैं।

**Q.3** यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

20 – 4 ÷ 7 + 12 × 4 = ?

Ans
✘ 1. 75
✔ 2. 84
✘ 3. 80
✘ 4. 90

**Q.4** इनमें से कौन-सा बंदरगाह पश्चिमी तटीय मैदान पर स्थित है?

Ans
✘ 1. विशाखापत्तनम
✘ 2. चेन्नई
✔ 3. कोचीन
✘ 4. पारादीप

**Q.5** ग्लोबल डेट रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2025 के लिए OECD देशों में सॉवरेन बांड जारी करने की अनुमानित मात्रा कितनी है?

Ans
✘ 1. $10 ट्रिलियन
✘ 2. $13 ट्रिलियन
✔ 3. $17 ट्रिलियन
✘ 4. $15 ट्रिलियन

Q.6 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. WX-ZA
✗ 2. QR-TU
✓ 3. FG-HL
✗ 4. DE-GH

Q.7 अंग्रेजों ने __________ शिक्षा को एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया।

Ans
✗ 1. भारतीय समाज को सुधारने के लिए
✗ 2. भारतीय व्यापार का विस्तार करने के लिए
✓ 3. औपनिवेशिक शासन को सशक्त बनाने के लिए
✗ 4. महिला सशक्तिकरण का सपोर्ट करने के लिए

Q.8 कायस्थ समुदाय (Kayastha community) का प्रधान कौन था?

Ans
✗ 1. उपरिका (Uparika)
✗ 2. प्रथमाकुलिका (Prathamakulika)
✓ 3. प्रथमकायस्थ (Prathamakayastha)
✗ 4. पुस्तापला (Pustapala)

Q.9 आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H, दक्षिण की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। B पंक्ति के एक छोर पर बैठा है। G, C के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। A, H के बाएं ठीक पड़ोस में और C के दाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। E के दाएं केवल 3 व्यक्ति बैठे हैं। D, B के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। D के बाएं ठीक पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
✓ 1. F
✗ 2. H
✗ 3. C
✗ 4. E

Q.10 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

EBY XUR QNK JGD ?

Ans
✓ 1. CZW
✗ 2. CWZ
✗ 3. WCZ
✗ 4. WZC

Q.11 निम्नलिखित में से किस एक्ट द्वारा ब्रिटिश भारत की आंतरिक सरकार के लिए अधिनियमित किए जा सकने वाले सभी विनियमों की एक नियमित संहिता का प्रावधान किया गया था?

Ans
✗ 1. रेगुलेटिंग एक्ट, 1773 (Regulating Act 1773)
✗ 2. चार्टर एक्ट, 1793 (Charter Act of 1793)
✓ 3. पिट्स इंडिया एक्ट, 1784 (Pitt's India Act 1784)
✗ 4. चार्टर एक्ट, 1813 (Charter Act of 1813)

Q.12 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, भारतीय नागरिकों को किसी विदेशी राज्य से कोई उपाधि स्वीकार करने से रोकता है?

Ans
✓ 1. अनुच्छेद 18
✗ 2. अनुच्छेद 15
✗ 3. अनुच्छेद 16
✗ 4. अनुच्छेद 17

www.govtjobsalert.in

Q.13 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

www.govtjobsalert.in

कथन:
कुछ नट, काले हैं।
सभी काले, कौवे हैं।
सभी कौवे, कलम हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी नट, काले हैं।
(II) कुछ काले, कौवे हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✔
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.14 किस देश में 13 अप्रैल 2025 को राष्ट्रपति पद के लिए दूसरे चरण का मतदान हुआ, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ पुनः निर्वाचित हुए?

Ans
1. इक्वाडोर ✔
2. बोलीविया
3. पेरू
4. कोलम्बिया

Q.15 एमएस-पावरपॉइंट 2019 प्रेजेंटेशन में नई स्लाइड एड करने का सही तरीका निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
1. Alt + F4 प्रेस करें
2. Ctrl + N प्रेस करें
3. Home टैब पर जाएँ → New Slide पर क्लिक करें ✔
4. स्लाइड पर राइट-क्लिक करें → Copy सेलेक्ट करें

Q.16 विमल अपनी कक्षा में शीर्ष से 19वें स्थान पर तथा नीचे से 24वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 40
2. 42 ✔
3. 43
4. 41

Q.17 यदि 10 : A :: A : 40 है, तो A का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20 ✔
2. 18
3. 21
4. 23

Q.18 एक लंब वृत्तीय शंकु के आधार का क्षेत्रफल 3136 $\pi$ $cm^2$ है और इसकी तिर्यक ऊँचाई 65 cm है। शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3500$\pi$
2. 3065$\pi$
3. 3640$\pi$ ✔
4. 3460$\pi$

www.govtjobsalert.in

Q.19 एमएस वर्ड में किसी इमेज के चारों ओर टेक्स्ट रैपिंग करते समय, निम्न में से कौन-सा 'लेआउट ऑप्शन (Layout Option)' टेक्स्ट फ्लो की उपेक्षा करते हुए टेक्स्ट और अन्य आइटमों के सापेक्ष इमेज को सटीक रूप से पोजीशन करने में सबसे अधिक फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करता है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. टाइट (Tight)
2. थ्रू (Through)
3. बिहाइंड टेक्स्ट या इन फ्रंट ऑफ टेक्स्ट (Behind Text or In Front of Text)
4. स्क्वायर (Square)

Q.20 एक बेड का अंकित मूल्य ₹568 है, जो लागत मूल्य से 26% अधिक है। यदि लाभ प्रतिशत 13% है। छूट प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 10.32%
2. 8.98%
3. 13.33%
4. 10.93%

Q.21 सात बक्से, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। G के ऊपर केवल B को रखा गया है। G और E के बीच केवल C को रखा गया है। D के नीचे केवल A को रखा गया है। E के नीचे कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
1. 4
2. 2
3. 1
4. 3

Q.22 यदि 'P' का अर्थ '÷' है, 'Q' का अर्थ '×' है, 'R' का अर्थ '+' है और 'S' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 182 होगा?

Ans
1. 96 P 16 S 112 R 48 Q 6
2. 96 Q 16 R 112 S 48 P 6
3. 96 R 16 Q 112 P 48 S 6
4. 96 S 16 P 112 Q 48 R 6

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-से वन, मुख्य रूप से भारत में 100 cm और 200 cm के बीच वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं?

Ans
1. अल्पाइन वन
2. उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वन
3. कंटक वन
4. उष्ण कटिबन्धीय सदापर्णी वन

Q.24 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कितनी प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में रहती है?

Ans
1. 32.30%
2. 34.78%
3. 33.50%
4. 31.16%

Q.25 एक आदमी को 14 घंटे में 222 km की दूरी तय करनी है। यदि वह इस दूरी का दो-तिहाई, निर्दिष्ट समय के $\frac{3}{7}$ समय में तय करता है, तो शेष दूरी को बचे हुए समय में तय करने के लिए उसकी चाल (km/hr में) कितनी होनी चाहिए?

Ans
1. 12.3
2. 21.3
3. 3.75
4. 9.25

www.govtjobsalert.in

Q.26 भारत में 1793 में चार्टर नवीनीकरण (Charter renewal) के समय बोर्ड ऑफ कंट्रोल का अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन था?

www.govtjobsalert.in

Ans ✗ 1. विलियम ग्रेनविल (William Grenville)

✗ 2. थॉमस टाउनशेंड (Thomas Townshend)

✗ 3. जॉर्ज लेग (George Legge)

✓ 4. हेनरी डंडास (Henry Dundas)

Q.27 वन विभाग और WWF-इंडिया के अनुसार, किस टाइगर रिजर्व में बड़े एक सींग वाले गैंडों की आबादी में वृद्धि दर्ज की गई, जिनकी संख्या 2023 में 46 से बढ़कर 2025 में 51 हो गई?

Ans ✗ 1. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

✓ 2. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान

✗ 3. सिमिलिपाल राष्ट्रीय उद्यान

✗ 4. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान

Q.28 यदि ₹350 की राशि 4% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 2.5 वर्ष के लिए उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. 15

✓ 2. 35

✗ 3. 135

✗ 4. 85

Q.29 मार्च 2025 में आयोजित अभ्यास खंजर-XII (KHANJAR-XII) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह अभ्यास लद्दाख क्षेत्र में आयोजित किया गया था।
2. यह अभ्यास आतंकवाद निरोधक और विशेष बलों के अभियानों पर केंद्रित था।
3. इस अभ्यास में भारत की पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) और किर्गिज़ स्कॉर्पियन ब्रिगेड के सैनिक शामिल थे।

Ans ✓ 1. केवल 2 और 3

✗ 2. केवल 2

✗ 3. केवल 1 और 3

✗ 4. 1, 2 और 3

Q.30 एक वर्ग का क्षेत्रफल 2304 $cm^2$ है। इसका परिमाप एक सम षट्भुज के परिमाप के बराबर है। षट्भुज का क्षेत्रफल (वर्ग $cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. $1510$

✗ 2. $1582\sqrt{3}$

✗ 3. $1494$

✓ 4. $1536\sqrt{3}$

Q.31 फ्रेंकोइस मार्टिन (Francois Martin) ने किस वर्ष पांडिचेरी की स्थापना की, जो बाद में भारत में फ्रांसीसियों का मुख्यालय बन गया?

Ans ✗ 1. 1794

✓ 2. 1674

✗ 3. 1612

✗ 4. 1762

www.govtjobsalert.in

Q.32 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर EUQF एक निश्चित तर्क के अनुसार BPNA से संबंधित है। YKKV उसी तर्क के अनुसार VFHQ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए SAEL दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. OVAG
2. QWCH
3. PVBG ✓
4. QUVH

Q.33 सीमा और दर्शन की आय का अनुपात 4 : 3 है। वे क्रमशः ₹15,000 और ₹9,000 की बचत करते हैं। यदि उनके व्यय का अनुपात 16 : 17 है, तो सीमा और दर्शन का कुल व्यय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 15,000
2. 16,000
3. 13,000
4. 14,850 ✓

Q.34 टाउन M, टाउन N के उत्तर में है। टाउन N, टाउन O के पूर्व में है। टाउन O, टाउन P के पश्चिम में है। टाउन P, टाउन Q के दक्षिण में है। टाउन M, टाउन Q के दक्षिण-पश्चिम में है। टाउन P के संबंध में टाउन N की स्थिति क्या है?

Ans
1. उत्तर
2. पूर्व
3. पश्चिम ✓
4. दक्षिण

Q.35 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. MH - IP ✓
2. GH - EF
3. KL - IJ
4. PQ - NO

Q.36 दो पाइप एक टंकी को क्रमशः 44 min और 84 min में भर सकते हैं। टंकी को खाली करने के लिए टंकी के तल पर एक पाइप लगा है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो खाली टंकी 28 min में भर जाती है। यदि कोई अन्य पाइप खुला न हो, तो टंकी के तल पर लगा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को खाली करने में कितना समय लेगा?

Ans
1. 916 min
2. 920 min
3. 921 min
4. 924 min ✓

Q.37 एक वस्तु को ₹112 में बेचने पर एक व्यक्ति को 25% की हानि होती है। 50% लाभ कमाने के लिए उसे वस्तु को किस कीमत (₹ में) पर बेचना चाहिए?

Ans
1. 214
2. 224 ✓
3. 234
4. 244

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 27 और 19 दोनों से विभाज्य है?

Ans
1. 34962
2. 35691
3. 34371 ✓
4. 33488

www.govtjobsalert.in

Q.39 सिंह सभा आंदोलन किस समुदाय से संबंधित है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. हिंदू
2. मुस्लिम
3. पारसी
4. सिख

Q.40 हड़प्पा सभ्यता में, किस सामग्री की मूर्ति बनाने के लिए सिरे पेर्डु यानि लुप्त-मोम की प्रक्रिया का उपयोग किया जाता था?

Ans
1. सोना
2. कांस्य
3. टेराकोटा
4. पत्थर

Q.41 यदि भाई की वर्तमान आयु का 3 गुना, उसकी बहन की आयु के 5 गुने से 25 वर्ष अधिक है, तथा बहन की आयु का 5 गुना, भाई की आयु से 5 वर्ष कम है, तो भाई और बहन की वर्तमान आयु के बीच अंतर (वर्ष में) कितना है?

Ans
1. 12
2. 9
3. 8
4. 10

Q.42 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

KN33 JM41 IL49 HK57 ?

Ans
1. GJ65
2. GI66
3. GI65
4. GJ66

Q.43 किसी निश्चित राशि पर 10% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों के साधारण ब्याज और वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज के बीच का अंतर ₹407 है। राशि ज्ञात करें [निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें]।

Ans
1. ₹40,680
2. ₹40,698
3. ₹40,700
4. ₹40,719

Q.44 एक गाँव की जनसंख्या 1,00,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 5% की वृद्धि हुई तथा दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या _______ होगी।

Ans
1. 1,20,000
2. 1,26,000
3. 1,25,000
4. 1,05,000

Q.45 निम्नलिखित बंटन का माध्य ज्ञात कीजिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंक | 19 | 31 | 54 | 69 | 95 |
| विद्यार्थियों की संख्या | 22 | 35 | 64 | 34 | 57 |

Ans
1. 49
2. 60
3. 63
4. 82

www.govtjobsalert.in

Q.46 AB, CD के समांतर है। एक तिर्यक रेखा PQ, AB और CD को क्रमशः E और F पर प्रतिच्छेद करती है, तथा ∠PEB = 42° है। AB और CD के बीच स्थित एक बिंदु G इस प्रकार है कि ∠BEG = 21° और ∠GFE = 34° है। ∠EGF की माप क्या है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 24°
2. 33°
3. 20°
4. 29° ✓

Q.47 मार्च 2025 में मानए गए किस राष्ट्रीय दिवस या सप्ताह में औद्योगिक कार्यस्थलों में सुरक्षा उपायों पर बल दिया गया?

Ans
1. राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह ✓
2. सुरक्षा एवं श्रम दिवस
3. औद्योगिक सुरक्षा दिवस
4. भारत सुरक्षा सप्ताह

Q.48 M, N, O, P, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। N और P के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। Z और O के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। Z के ऊपर कोई नहीं रहता है। P, O के नीचे लेकिन Y के ऊपर रहता है। M के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. चार
2. एक
3. दो
4. तीन ✓

Q.49 नौ संख्याओं का औसत 17 है। इनमें से सात संख्याओं का औसत 17 है। शेष दो संख्याओं का औसत कितना है?

Ans
1. 18
2. 16
3. 19
4. 17 ✓

Q.50 एक नाव को धारा की दिशा में 33.2 km जाने में 83 मिनट लगते हैं। स्थिर जल में नाव की चाल और धारा की चाल का अनुपात 8 : 5 है। नाव को धारा की विपरीत दिशा 47.1 km और धारा की दिशा में 55.9 km जाने में कुल कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
1. 1.5
2. 2.5 ✓
3. 6.8
4. 3.5

Q.51 TK 14 एक निश्चित तरीके से YH 5 से संबंधित है। MN 5 उसी तरह से RK −4 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, SV 0 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. XS −9 ✓
2. XT −11
3. WV −7
4. PR −13

www.govtjobsalert.in

Q.52 2024 के सुप्रीम कोर्ट केस 'अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाम नरेश अग्रवाल (नवंबर 2024)' में, शैक्षणिक संस्थानों की अल्पसंख्यक स्थिति के संबंध में न्यायालय ने बहुमत से क्या निर्णय दिया?

www.govtjobsalert.in

Ans ✗ 1. पीठ के अधिकांश न्यायाधीशों (7 में से 4 की राय) ने अज़ीज़ बाशा मामले में निष्कर्ष निकाला और AMU के अल्पसंख्यक दर्जे का उल्लंघन किया।

✗ 2. संविधि द्वारा स्थापित शैक्षणिक संस्थानों को अनुच्छेद 30(1) के अंतर्गत अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता।

✗ 3. किसी संस्थान को अल्पसंख्यक संस्थान के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए उसका प्रबंधन पूर्णतः अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा होना चाहिए।

✓ 4. 1950 से पहले निर्मित संस्थाओं को अभी भी अल्पसंख्यक संस्थाएं माना जा सकता है, भले ही उन्हें संविधि द्वारा शामिल किया गया हो।

Q.53 पाँच सदस्यों वाले एक परिवार का औसत वजन (kg में) क्या है, जिनका वजन 40 kg , 49 kg ,56 kg ,63 kg और 37 kg है?

Ans ✗ 1. 50

✗ 2. 51

✗ 3. 48

✓ 4. 49

Q.54 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 7 & 3 Ω 4 6 @ 9 # 1 * £ 5 2 & % $ 8 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक अन्य प्रतीक है?

Ans ✗ 1. तीन

✓ 2. दो

✗ 3. एक

✗ 4. चार

Q.55 गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए गरीबी की गहराई को मापने के लिए किस सांख्यिकीय संकेतक का उपयोग किया जाता है?

Ans ✓ 1. गरीबी अंतराल सूचकांक (Poverty Gap Index)

✗ 2. हेडकाउंट अनुपात (Headcount Ratio)

✗ 3. गिनी गुणांक (Gini Coefficient)

✗ 4. पराश्रितता अनुपात (Dependency Ratio)

Q.56 एप्लिकेशन से सीधे MS पावरपॉइंट फ़ाइल ओपन करने का शॉर्टकट क्या है?

Ans ✓ 1. Ctrl + O

✗ 2. Ctrl + S

✗ 3. Ctrl + N

✗ 4. Ctrl + P

Q.57 $(7a + 6b + 4c)^2$ का विस्तारित रूप लिखिए।

Ans ✓ 1. $49a^2 + 36b^2 + 16c^2 + 84ab + 48bc + 56ac$

✗ 2. $49a^2 + 36b^2 + 16c^2 + 84ab + 43bc + 56ac$

✗ 3. $49a^2 + 36b^2 + 16c^2 + 84ab + 48bc + 66ac$

✗ 4. $49a^2 + 36b^2 + 16c^2 + 88ab + 48bc + 56ac$

Q.58 आवर्त नियम ने मूलतः कितने प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले तत्वों के बीच समानताएं प्रकट कीं?

Ans ✗ 1. 96

✗ 2. 89

✓ 3. 94

✗ 4. 91

www.govtjobsalert.in

Q.59 भारत में, नगरपालिकाएं मुख्यत: किसके लिए जिम्मेदार हैं?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. राष्ट्रीय चुनाव आयोजित करना
2. छोटे शहरों या कस्बों के प्रशासन
3. रक्षा-संबंधी नगरपालिका गतिविधियों का प्रबंध
4. भारत में सभी पत्तनों पर नियंत्रण

Q.60 जनवरी 2025 में, जम्मू-कश्मीर में प्रशासनिक सुधारों के लिए महाराजा हरि सिंह पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?

Ans
1. सत्य पाल मलिक
2. गिरीश चंद्र मुर्मू
3. मनोज सिन्हा
4. राजनाथ सिंह

Q.61 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : IFL :: KHN : %

Ans
1. # = DAG, % = PMS
2. # = KHY, % = NHU
3. # = CJS, % = KJI
4. # = LPG, % = NUY

Q.62 दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

22 25.1 28.2 31.3 ? 37.5

Ans
1. 32.4
2. 34.4
3. 33.5
4. 34.1

Q.63 सतपुड़ा पर्वतमाला का उच्चतम बिंदु निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
1. पारसनाथ
2. अनाई मुडी
3. धुपगढ़
4. माउंट आबू

Q.64 गिरीश कर्नाड ने अपनी रचनाओं के माध्यम से किस स्थानीय भाषा के साहित्य में सबसे अधिक योगदान दिया?

Ans
1. कन्नड़
2. तमिल
3. मलयालम
4. तेलुगू

Q.65 $\frac{93}{28} \times (70 + 42) + 82$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
1. 458
2. 454
3. 464
4. 459

www.govtjobsalert.in

Q.66 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

www.govtjobsalert.in

121 ÷ 6 + 384 × 3 − 31 =?

Ans
1. 621
2. 623
3. 629 ✔
4. 626

Q.67 तेल और वसा युक्त खाद्य पदार्थों को नाइट्रोजन से प्रधावन किया जाता है क्योंकि यह ________________।

Ans
1. पैकेजिंग से हाइड्रोजन को हटाता है
2. उत्पाद का स्वाद बढ़ाता है
3. उत्पाद में पोषण मान में वृद्धि करता है
4. पैकेजिंग से ऑक्सीजन को हटाता है ✔

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर DTUH एक निश्चित तर्क के अनुसार BQWK से संबंधित है। ZNYN उसी तर्क के अनुसार XKAQ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए VHCT दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. TEEW ✔
2. SEDX
3. UDFX
4. SFEV

Q.69 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/ प्रतीक | 6 | @ | 8 | 5 | $ | & | 3 | % | # | 7 | + | 9 | 4 | 2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | F | G | H | N | L | K | C | Q | Z | P | R | B | U | E |

शर्तें:
यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाएगा।
यदि पहला घटक विषम संख्या है और अंतिम घटक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

5 3 + 4

Ans
1. U C R N
2. N C R U
3. © C R © ✔
4. N R C U

Q.70 उद्यमी भारत, MUDRA योजना, आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना, SFURTI और RAMP योजनाएं किस क्षेत्र के विकास से जुड़ी हैं?

Ans
1. खनन क्षेत्र
2. औषधि एवं फार्मास्यूटिकल्स उद्योग
3. सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम ✔
4. लोहा और इस्पात उद्योग

Q.71 जब x को 29, 31, 7 और 8 प्रत्येक में जोड़ा जाता है, तो इस क्रम में प्राप्त संख्याएं समानुपात में होती हैं। यदि 5x : y :: y : (2x-3) और y > 0 है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 45

✘ 2. 56

✘ 3. 29

✘ 4. 35

Q.72 संख्या 6954381 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक दाएं से तीसरा होगा?

Ans ✘ 1. 3

✘ 2. 6

✔ 3. 4

✘ 4. 5

Q.73 सात व्यक्ति, I, J, K, L, O, P और Q उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। Q और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। केवल I, P के दाईं ओर बैठा है। O और P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। K, L के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन J के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। J और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans ✘ 1. एक

✘ 2. चार

✔ 3. दो

✘ 4. तीन

Q.74 दो द्विघात समीकरण, $2x^2 + 8x + 6 = 0$ और $kx^2 + 4kx + 3 = 0$, के दोनों मूल सार्व हैं। k का मान क्या है?

Ans ✔ 1. 1

✘ 2. 4

✘ 3. 3

✘ 4. 2

Q.75 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 219 539 568 670 131 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans ✘ 1. −3

✔ 2. −4

✘ 3. −1

✘ 4. −5

www.govtjobsalert.in

Q.76 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

www.govtjobsalert.in

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| Letter | F | T | E | P | A | U | X | R |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Code | 7 | $ | @ | 9 | 2 | % | 6 | 4 |

संदर्भ:
**Letter - अक्षर**
**Code - कूट**

शर्त:
1. यदि पहला अक्षर स्वर है और अंतिम अक्षर व्यंजन है, तो उनके कूट आपस में बदले जाने हैं।
2. यदि दूसरा अक्षर स्वर है और अंतिम अक्षर व्यंजन है, तो दोनों को 'W' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
3. यदि तीसरा और चौथा अक्षर व्यंजन हैं, तो दोनों को तीसरे अक्षर के कोड के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
4. यदि पहला और दूसरा अक्षर स्वर हैं, तो दोनों को 'Q' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

TAEX

Ans
✗ 1. $ @ @ 6
✓ 2. $ W @ W
✗ 3. $ 2 @ 6
✗ 4. $ 2 2 6

Q.77 मास्की अशोक (Maski Ashoka) शिलालेख की खोज किसने की थी?

Ans
✗ 1. जेम्स प्रिंसेप (James Prinsep)
✗ 2. लॉर्ड कैनिंग (Lord Canning)
✗ 3. क्रिश्चियन लासेन (Christian Lassen)
✓ 4. सी बीडॉन (C Beadon)

Q.78 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में विजयी पार्टी को मिले वोट प्रतिशत और सीटों की संख्या कितनी थी?

Ans
✗ 1. 36.49% वोट, 48 सीट
✓ 2. 39.94% वोट, 48 सीट
✗ 3. 42.10% वोट, 50 सीट
✗ 4. 44.85% वोट, 52 सीट

Q.79 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) © 2 © # * 6 € 4 5 3 € 1 1 € 6 7 # 7 4 £ 6 € (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 0
✓ 3. 1
✗ 4. 2

www.govtjobsalert.in

Q.80 A किसी कार्य को 63 घंटे में पूरा कर सकता है, B और C मिलकर इसे 42 घंटे में पूरा कर सकते हैं, जबकि A और C मिलकर इसे 27 घंटे में पूरा कर सकते हैं। B अकेले इस कार्य को पूरा करने में कितना समय (घंटों में) लेगा?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 378
2. 380
3. 377
4. 379

Q.81 प्रेक्षण 71, 95, 67, 55, 78, 45, 58, 44, 69, 41 और 88 की माध्यिका ज्ञात करें।

Ans
1. 58
2. 67
3. 55
4. 69

Q.82 फरवरी 2025 के आंकड़ों के अनुसार, भारत के पेरिस 2024 ओलंपिक दल में कितने खेलो इंडिया एथलीट शामिल थे?

Ans
1. 28
2. 35
3. 31
4. 38

Q.83 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

301 300 297 292 285 ?

Ans
1. 275
2. 276
3. 277
4. 273

Q.84 यदि $\cos\alpha = \frac{3}{5}$ और $\cos\beta = \frac{15}{17}$ है, तो $\sin(\alpha+\beta)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{36}{85}$
2. $\frac{84}{85}$
3. $\frac{15}{85}$
4. $\frac{77}{85}$

Q.85 उत्तरी मैदान की कुल लम्बाई (पश्चिम से पूर्व तक) लगभग कितनी है?

Ans
1. 2,400 km
2. 1,500 km
3. 1,200 km
4. 2,000 km

Q.86 एंजाइम क्रिया के प्रेरित-फिट मॉडल (induced-fit model) के अनुसार, क्रियाधार बंधन, __________।

Ans
1. एक संरूपीय परिवर्तन को प्रेरित करता है जो उत्प्रेरण के लिए सक्रिय स्थल को अनुकूलित करता है
2. एंजाइम की संरचना को स्थायी रूप से बदलकर उसे रोकता है
3. रूपांतरण के बिना क्रियाधार को तुरंत मुक्त करता है
4. एंजाइम के सक्रिय स्थल में कोई परिवर्तन किए बिना होता है

www.govtjobsalert.in

Q.87 एक बिस्तर को ₹8,845 में बेचने पर, लाभ का मूल्य इसे ₹1,987 में बेचने पर हुई हानि के मूल्य से 25% अधिक है। 20% लाभ प्राप्त करने के लिए, विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 6,039
2. 6,042 ✓
3. 6,044
4. 6,043

Q.88 जब 1272, 2636 और 4209 को सबसे बड़ी संख्या x से विभाजित किया जाता है, तो प्रत्येक स्थिति में शेषफल y होता है। (3x − 14y) का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. −63
2. −65 ✓
3. −61
4. −60

Q.89 उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(32, 47, 15)
(56, 81, 25)

Ans
1. (18, 65, 11)
2. (17, 72, 14)
3. (92, 110, 18) ✓
4. (29, 84, 10)

Q.90 यदि आप 'Cut और Paste' का उपयोग करके टेक्स्ट को स्थानांतरित करते हैं, तो MS ऑफिस में पेस्ट होने से पहले टेक्स्ट कहां जाता है?

Ans
1. रीसायकल बिन में
2. पेस्ट किए जाने तक स्थायी रूप से गायब हो जाता है
3. क्लिपबोर्ड में ✓
4. अस्थायी डाक्युमेंट में संग्रहीत हो जाता है

Q.91 विंडोज़ एप्लीकेशन्स में वर्तमान एप्लीकेशन को बंद करने के लिए Alt के साथ किस फ़ंक्शन कुंजी का उपयोग किया जा सकता है?

Ans
1. F10
2. F1
3. F4 ✓
4. F6

Q.92 2025 में प्रक्षेपित NVS-02 उपग्रह का क्या महत्व है?

Ans
1. यह अंतरिक्ष में वैज्ञानिक प्रयोग करेगा।
2. यह भारत की क्षेत्रीय नेविगेशन क्षमताओं को बढ़ाएगा। ✓
3. यह ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सेवाएँ प्रदान करेगा।
4. यह मौसम पूर्वानुमान सेवाएँ प्रदान करेगा।

Q.93 यदि एक तिर्यक रेखा दो समांतर रेखाओं के युग्म को प्रतिच्छेद करती है, तो संगत कोणों का प्रत्येक युग्म ________ होता है।

Ans
1. पूरक
2. संपूरक
3. असमान
4. समान ✓

www.govtjobsalert.in

Q.94 $\left(\frac{11}{2}\right)^{12} \times \left(\frac{2}{11}\right)^{2} \times \left(\frac{11}{2}\right)^{16} = \left(\frac{2}{11}\right)^{9m+9}$ के लिए m का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. $-\frac{38}{9}$
2. $-\frac{43}{9}$
3. $-\frac{37}{9}$
4. $-\frac{35}{9}$ ✔

Q.95 एक निश्चित कूट भाषा में, 'HUNT' को '3517' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TIME' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 7
2. 2
3. 8
4. 5 ✔

Q.96 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M – N + O × P ÷ Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
1. माता की माता का भाई ✔
2. माता का पिता
3. पिता का पिता
4. पिता का भाई

Q.97 श्रीमान Q बिंदु Z से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करके बिंदु A पर रुक जाता है। बिंदु Z तक पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 11 km, दक्षिण की ओर
2. 13 km, उत्तर की ओर
3. 14 km, पश्चिम की ओर
4. 16 km, पूर्व की ओर ✔

Q.98 भागीरथी और अलकनंदा, _________ में मिलकर गंगा का निर्माण करती हैं।

Ans
1. रुद्रप्रयाग
2. देवप्रयाग ✔
3. हरिद्वार
4. ऋषिकेश

www.govtjobsalert.in

Q.99 फरवरी 2025 में, पेरिस में AI एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता किन दो नेताओं ने की?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. इमैनुएल मैक्रॉ और नरेंद्र मोदी
2. ओलाफ स्कोल्ज़ और शी जिनपिंग
3. ऋषि सुनक और नरेंद्र मोदी
4. जो बाइडेन और इमैनुएल मैक्रॉ

Q.100 वित्तीय वर्ष 2019 से वित्तीय वर्ष 2023 तक शहरी अवसंरचना निवेश में कितनी वृद्धि हुई?

Ans
1. 10%
2. 8%
3. 5%
4. 3%

www.govtjobsalert.in